सन्मार्ग
खबरें अनेक सच्चाई एक
sanmarg.in
Kolkata 16th June,2022

भारत-चीन क्षेत्रीय और द्विपक्षीय संबंध पर विशेष सत्र

कोलकाता : कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से बुधवार को भारत-चीन के बीच 'क्षेत्रीय और द्विपक्षीय संबंध' विषय पर कोलकाता में चीन के महावाणिज्य दूतावास झा लियू के साथ विशेष सत्र का आयोजन किया गया। लियू ने दोनों देशों के संबंधों के महत्व पर जोर डाला। उन्होंने कहा कि भारत और चीन दुनिया में आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभर रहे हैं। व्यापार और निवेश के मामले में चीन और भारत के बीच व्यापार फलफूल रहा है। चीन निर्यात में 46 फीसदी तो भारत के निर्यात में 34 फीसदी की वृद्धि के साथ पिछले साल दोतरफा व्यापार 43 फ़ीसदी बढ़ा। इसके साथ ही झा लियू ने दोनों देशों के बीच क्षेत्रीय और द्विपक्षीय संबंध को लेकर और कई विषयों पर बल दिया। कलकत्ता चेंबर ऑफ कॉमर्स की अध्यक्ष शैलजा मेहता ने कहा कि कलकत्ता चेंबर ऑफ कॉमर्स व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। पिछले तीन दशकों में एशियाई अर्थव्यवस्थाओं ने लगातार अन्य विकासशील देशों से बेहतर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कलकत्ता चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष हरि शंकर हलवासिया ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

कलकत्ता चेम्बर ऑफ कॉमर्स की ओर से भारत - चीन के रिश्तों पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित चीनी कांसुल झा लियो, प्रेसिडेंट शैलजा मेहता व वाइस प्रेसिडेंट एच एस हलवासिया